**पांच घंटे लुधियाना जाम** | जालंधर बाईपास चौक पर धरने से दिल्ली-अमृतसर हाईवे पर लगा जाम, यात्री परेशान; स्कूल बसें भी फंसीं

# बाबा साहब की प्रतिमा के अपमान पर सड़कों पर *साढ़े पांच घंटे थमा हाईवे*

अशवनी पाहवा/सहजप्रीत सिंह
लुधियाना | समर न्यूज



डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अपमान के विरोध में बुधवार को दलित समाज के प्रदर्शन के चलते दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे करीब साढ़े पांच घंटे जाम रहा। सुबह 10 बजे जालंधर बाईपास चौक के पास प्रदर्शनकारियों ने धरना देकर दोनों तरफ का यातायात रोक दिया, जिससे अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, पटियाला, अंबाला, करनाल और पानीपत की ओर जाने वाले हजारों यात्रियों को परेशानी हुई।

हाईवे पर कई किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लग गईं और स्कूल बसें भी जाम में फंसी रहीं। दलित समाज ने लुधियाना बंद का आह्वान भी किया था, लेकिन अधिकांश बाजार खुले रहे। प्रदर्शन को भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने समर्थन दिया। धरने में भाजपा जिला प्रधान सुनील मोदगिल, गुरदीप सिंह गोशा, संजीव चौधरी तथा कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय तलवाड़, राकेश पांडे और पवन दीवान सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर यातायात नियंत्रित किया। एडीसीपी समीर वर्मा ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद शाम करीब साढ़े तीन बजे हाईवे खोल दिया गया। मंगलवार को शरारती तत्वों ने बाबा साहेब की प्रतिमा को जूतों की माला पहनाकर अपमानित किया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर प्रतिमा के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। उधर, जालंधर में गुरुवार को वाल्मीकि समाज ने सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बंद का आह्वान किया है।



## जाम में कार में गर्मी ने बढ़ाई डॉग के मालिक की परेशानी



*इस दौरान जाम में फंसी एक कार में चाऊ चाऊ ब्रीड के डॉग के मालिक की परेशानी बढ़ने लगी। डॉग के मालिक एल्डिगो निवासी विजय कुमार ने बताया कि लंबे जाम के कारण उनकी कार का पेट्रोल खत्म होने को आ गया है, जिसके कारण उन्हें कार को बंद करना पड़ रहा है कार में एसी ना चलने के कारण उनके डॉग की हालत बिगड़नी शुरू हो रही है। उन्होंने बताया कि उनका डॉग बिना एसी के नहीं रह सकता है।*

# अवैध निर्माण पर एटीपी से मांगा हिसाब, निगम ने कसा शिकंजा

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

नगर निगम की हद में बढ़ रहे अवैध निर्माणों को लेकर अब बिल्डिंग ब्रांच से जवाब-तलब शुरू हो गया है। जोन-सी क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण और अवैध कब्जों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जॉइंट कमिश्नर ने एटीपी से जनवरी 2026 से अब तक की पूरी कार्रवाई का रिकॉर्ड मांगा है। एटीपी को 10 सितंबर को सुबह 11 बजे जोन-डी कार्यालय के कमरा नंबर 22 में होने वाली बैठक में रिपोर्ट के साथ पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

मांगी गई रिपोर्ट में जनवरी 2026 से अब तक जारी किए गए नोटिसों की कुल संख्या, किए गए चालानों का पूरा विवरण और जिन प्रॉपर्टीज के चालान किए गए हैं, उनकी किस्म बतानी होगी। इसके साथ ही प्रत्येक मामले में निर्धारित और वसूल की गई फीस तथा फीस तय करने का आधार भी स्पष्ट करना होगा।

रिपोर्ट में यह भी बताना होगा कि अब तक कितनी बिल्डिंगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अवैध निर्माण और अवैध रूप से निर्मित क्षेत्रफल को लेकर क्या कार्रवाई हुई, संबंधित प्रॉपर्टी की मौजूदा स्थिति क्या है और कार्रवाई के बाद निर्माण की स्थिति में क्या बदलाव आया, इसका पूरा ब्यौरा भी मांगा गया है।

जॉइंट कमिश्नर तपन भनोट ने संबंधित शिकायतों और उनके निपटारे की रिपोर्ट भी बैठक में पेश करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि जोन-सी क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण और अवैध कब्जों की बड़ी संख्या में शिकायतें मिल रही हैं। इससे निगम की छवि प्रभावित होने के साथ-साथ वित्तीय नुकसान भी हो रहा है।

पत्र में एटीपी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए हैं। इसमें कहा गया है कि अवैध निर्माण रोकना, चालान करना, सीलिंग और डेमोलेशन जैसी कार्रवाई बिल्डिंग ब्रांच की जिम्मेदारी है, लेकिन शिकायतों पर स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जा रही।

जॉइंट कमिश्नर की ओर से जारी पत्र की प्रतियां नगर निगम कमिश्नर को भी भेजी गई हैं। ऐसे में 10 सितंबर की बैठक में पिछले करीब नौ महीनों के दौरान अवैध निर्माणों के खिलाफ हुई कार्रवाई की समीक्षा होने की संभावना है।

## जापान भेजने के नाम पर 3.33 लाख की ठगी

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

जापान भेजने का झांसा देकर करीब 3.33 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी करने के आरोप में थाना डिवीजन नंबर-5 की पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपितों के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता संदीप खनाल पुत्र विनोद खनाल निवासी गिल, भारत पेट्रोल पंप के नजदीक, लुधियाना ने इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत की जांच के दौरान सामने आया कि हरदीप सिंह व उसकी पत्नी रमणदीप कौर, निवासी गांव बसियां, तहसील रायकोट, लुधियाना ने कथित तौर पर आपस में मिलीभगत कर शिकायतकर्ता को जापान भेजने और वहां का वीजा लगवाने का झांसा दिया। आरोप है कि दोनों ने शिकायतकर्ता से अलग-अलग माध्यमों से ऑनलाइन करीब 3,33,000 रुपये हासिल कर लिए। इसके बाद न तो जापान का वीजा लगवाकर दिया गया और न ही रकम वापस की गई। पैसे मांगने के बावजूद आरोपितों ने रकम वापस नहीं की।

## दोगुनी रकम करने का झांसा, 6.50 लाख ठगे

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

निवेश की गई रकम को दोगुना करके वापस देने का झांसा देकर 6.50 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में थाना टिब्बा की पुलिस ने मुनीश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने यह कार्रवाई भवनजीत सिंह की शिकायत की जांच के बाद की है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता भवनजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी मुनीश शर्मा ने उसे अपने विश्वास में लेकर पैसे निवेश करवाए। आरोपी ने उसे भरोसा दिलाया कि उसके पास निवेश की गई रकम को कुछ समय बाद दोगुना करके वापस कर दिया जाएगा। शिकायतकर्ता के मुताबिक, आरोपी की बातों पर विश्वास करते हुए उसने कुल 6 लाख 50 हजार रुपये निवेश के तौर पर मुनीश शर्मा को दे दिए।

आरोप है कि रकम हासिल करने के बाद आरोपी ने न तो वादा पूरा किया और न ही उसकी मूल रकम वापस की। काफी समय तक रकम वापस नहीं मिलने पर शिकायतकर्ता ने आरोपी से पैसे लौटाने के लिए संपर्क किया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

# हलवारा एयरपोर्ट से दिल्ली की उड़ान रद्द, 3 दिन में दूसरी बार टली फ्लाइट

### 110 से अधिक यात्री हुए प्रभावित, समय पर उड़ानें संचालित करने की मांग

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज

हलवारा हवाई अड्डे से दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को एअर इंडिया की दिल्ली-हलवारा-दिल्ली उड़ान तीन दिन में दूसरी बार रद हो गई। इससे 110 से अधिक यात्री प्रभावित हुए। उड़ान रद होने की जानकारी मिलने के बाद यात्रियों को वैकल्पिक साधनों से अपनी यात्रा पूरी करनी पड़ी।

दिल्ली से हलवारा आने वाली एअर इंडिया की उड़ान एआई-481 बुधवार को हलवारा एयरपोर्ट नहीं पहुंची। इसी विमान को हलवारा से दिल्ली के लिए एआई-482 के रूप में रवाना होना था। विमान के नहीं पहुंचने के कारण यह उड़ान भी रद कर दी गई।

### तय समय से पहले पहुंचे थे यात्री...

*उड़ान पकड़ने के लिए कई यात्री तय समय से पहले ही हवाई अड्डे पहुंच गए थे। यहां पहुंचने के बाद जब उन्हें फ्लाइट रद होने की जानकारी मिली तो उनकी परेशानी बढ़ गई। कई यात्री अपनी निजी गाड़ियों से एयरपोर्ट पहुंचे थे। वहीं, दिल्ली में जरूरी काम होने के कारण कुछ यात्रियों को मजबूरी में टैक्सी और अन्य साधनों का सहारा लेकर रवाना होना पड़ा।*

▪ **अगली उड़ान में सीट के लिए किया प्रयासः** *उड़ान रद होने के बाद कुछ यात्रियों ने दोपहर में संचालित होने वाली एअर इंडिया की एआई-484 उड़ान में सीट लेने का प्रयास किया। कुछ यात्रियों को सीट मिल गई और वे वेटिंग हॉल में अगली उड़ान का इंतजार करते नजर आए। वहीं, कई यात्रियों ने फ्लाइट रद होने के बाद अपना यात्रा कार्यक्रम ही बदल दिया।*

▪ **लगातार रद हो रही उड़ानों से नाराज यात्रीः** *हलवारा-दिल्ली हवाई सेवा के बार-बार प्रभावित होने से यात्रियों में नाराजगी बढ़ रही है। यात्रियों का कहना है कि उड़ानें रद होने से समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। उन्होंने एयरलाइन प्रबंधन से मांग की कि हलवारा-दिल्ली उड़ानों को निर्धारित समय के अनुसार नियमित रूप से संचालित किया जाए, ताकि यात्रियों को बार-बार होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।*

## भारती एयरटेल फाउंडेशन ने 78 लाख लोगों के जीवन को किया प्रभावित

लक्की भट्टी/लुधियाना/समर न्यूज| भारती एयरटेल फाउंडेशन ने शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए 25 वर्षों की यात्रा में 78 लाख से अधिक लाभार्थियों तक पहुंच बनाई है। इनमें 43 लाख से अधिक विद्यार्थी और 3.62 लाख शिक्षक शामिल हैं।

पंजाब फाउंडेशन की स्कूल शिक्षा पहल का सबसे बड़ा केंद्र है, जहां 85 सत्य भारती स्कूलों में 21 हजार से अधिक विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। लुधियाना में 42 स्कूलों के माध्यम से 150 गांवों के 10,764 विद्यार्थियों को शिक्षा मिल रही है। वहीं, क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम से 105 सरकारी स्कूलों के 42 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं।



**न्यूज ब्रीफ**

## विधायक ग्रेवाल ने ट्यूबवेल का किया उद्घाटन



दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

विधानसभा हलका पूर्वी लुधियाना से विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने स्थानीय वार्ड नंबर 29 स्थित विश्वकर्मा नगर की गली नंबर 1 में नए ट्यूबवेल का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने कहा कि 'हर घर जल, हर घर नल' योजना के तहत लोगों को स्वच्छ एवं साफ पीने वाला पानी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से वार्ड में नए ट्यूबवेल का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि इलाके के निवासियों को पिछले काफी समय से पीने वाले पानी को लेकर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इलाके के लोगों की मांग को देखते हुए इस कार्य की शुरुआत की गई है, जिसे आने वाले दिनों में जल्द पूरा कर लिया जाएगा।


विधायक ग्रेवाल ने कहा कि इस कार्य के पूरा होने के बाद इलाके के निवासियों को पीने वाले पानी की किल्लत से काफी राहत मिलेगी।

## श्री दंडी स्वामी मंदिर में ऋषि पंचमी महोत्सव 11 से 14 तक, बाबा चित्र-विचित्र महाराज बहाएंगे हरिनाम गंगा



लक्की भट्टी/लुधियाना/समर न्यूज|सिविल लाइंस स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में 63वें ऋषि पंचमी महोत्सव के पावन उपलक्ष्य में आयोजित मंदिर प्रांगण में महामंत्र जाप 10 सितंबर तक जारी रहेगा।ये आयोजन प राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में हो रहा है। इसके बाद 11 से 14 सितंबर तक विशेष हरिनाम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 11 सितंबर को दिल्ली से भैया राहुल चौधरी, 12 सितंबर को सिरसा से भैया कृष्ण दास जी, 13 सितंबर को श्री धाम वृंदावन से बाबा चित्र विचित्र जी महाराज तथा 14 सितंबर को मुजफ्फरपुर से ब्रजेंद्र शास्त्री जी अपनी वाणी से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। 15 सितंबर को ऋषि पंचमी महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस दिन प्रातः यज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत श्री दंडी स्वामी महाराज जी का अभिषेक एवं पूजन होगा।

## वेटरनरी विविमें 'दीक्षारंभ 2026 का समापन समारोह



लक्की भट्टी/लुधियाना/समर न्यूज|गुरु अंगद देव वेटरनरी एवं एनिमल साइंसेज विश्वविद्यालय, लुधियाना में 'दीक्षारंभ 2026' के समापन समारोह का आयोजन किया गया। यह छात्र अभिमुखीकरण (स्टूडेंट इंडक्शन) कार्यक्रम कॉलेज ऑफ डेयरी एंड फूड साइंस टेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ फिशरीज तथा कॉलेज ऑफ एनिमल बायोटेक्नोलॉजी में नवप्रवेशित स्नातक विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को शैक्षणिक वातावरण, परीक्षा प्रणाली, विश्वविद्यालय के नियमों तथा उनके समग्र विकास के लिए उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना था।

## किस्त न भरने पर मोबाइल लॉक किया तो दुकान पर हथियारबंद युवकों ने किया हमला

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज


प्रेम नगर इलाके में एक मोबाइल शॉप पर 5-6 हथियारबंद युवकों द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवकों ने दुकान में तोड़फोड़ करने के साथ पत्थर बरसाए और बाहर खड़ी एक्टिवा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

दुकान संचालिका मुस्कान ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद इलाके के दुकानदारों में भी दहशत का माहौल है। मुस्कान के अनुसार, इलाके के एक युवक ने उसकी दुकान से MI कंपनी का मोबाइल फोन किस्तों पर लिया था। युवक ने समय पर किस्त नहीं भरी, जिसके बाद मोबाइल को लॉक कर दिया गया था। इसी बात को लेकर युवक और उसके साथियों ने दुकान पर हंगामा किया। पहले युवकों ने दुकान के बाहर एक्टिवा में तोड़फोड़ की और इसके बाद दुकान के अंदर पत्थर फेंके। मुस्कान ने आरोप लगाया कि हमलावर उसके गले में पहनी करीब डेढ़ लाख रुपये की सोने की चेन झपटकर ले गए।

करीब 70 हजार रुपये की नकदी और 3-4 मोबाइल फोन ले जाने का भी आरोप है। उसका कहना है कि वह दुकान अकेले चलाती है और घटना के बाद उसे दुकान पर बैठने में डर लग रहा है। मुस्कान के भाई प्रिंस ने बताया कि आरोपित लगातार उन्हें धमकियां दे रहे हैं। उसके अनुसार, हमलावरों के पास धारदार हथियार भी थे।

## तीन थानों की पुलिस ने संदिग्ध वाहनों, और लोगों की तलाशी ली

अशवनी पाहवा/शेखर वर्मा
लुधियाना | समर न्यूज



त्योहारी सीजन के मद्देनजर लुधियाना पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर नकेल कसने तथा लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डीसीपी गुरसेवक सिंह बराड़ की अगुवाई में पुलिस की ओर से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों समेत कई प्रमुख स्थानों पर पुलिस टीमों ने सख्ती से जांच की। थाना डिवीजन नंबर-7, थाना जमालपुर और थाना फोकल प्वाइंट की पुलिस ने संयुक्त रूप से सेक्टर-32, चंडीगढ़ रोड सहित विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों ने संदिग्ध वाहनों को रोककर उनकी बारीकी से जांच की। वहीं, आने-जाने वाले लोगों की भी तलाशी ली गई और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक त्योहारी सीजन के दौरान बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में किसी भी आपराधिक घटना को होने से पहले रोकने के लिए चेकिंग अभियान तेज किया गया है। पुलिस की टीमें प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रख रही हैं। डीसीपी गुरसेवक बराड़ ने मीडिया के माध्यम से गुंडा तत्वों और समाज विरोधी लोगों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगी।

## प्रापर्टी का सौदा कर 22 लाख रु. में बयाना, रजिस्ट्री न करवाने पर केस

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

प्राप्टी का सौदा 58 लाख 25 हजार रुपये में करने के बाद 22 लाख रुपये बयाने के तौर पर लेने, रजिस्ट्री न करवाने और 14 लाख रुपये वापस न करने के आरोप में थाना डिवीजन नंबर-8 की पुलिस ने शम्मी कपूर पुत्र रूप चंद निवासी मकान नंबर 1416/20, राम नगर, सिविल लाइंस, लुधियाना के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने यह कार्रवाई एकता हांडा पत्नी हरीश सोतिया निवासी नानकपुर की शिकायत की जांच के बाद की है। शिकायतकर्ता एकता हांडा ने पुलिस को बताया कि शम्मी कपूर ने अपनी प्रापर्टी का सौदा उसके साथ 58 लाख 25 हजार रुपये में तय किया था। सौदे के दौरान शम्मी कपूर ने उससे 22 लाख रुपये बयाने के तौर पर हासिल किए। शिकायत के अनुसार, बाद में उसे पता चला कि संबंधित मकान और फैक्टरी पर पहले से ही बैंक का भारी कर्ज चल रहा था। बैंक के कर्ज और अन्य देनदारियों को मिलाकर कुल बकाया करीब 95 लाख तक पहुंच गया था।

आरोप है कि भारी कर्ज होने के कारण शम्मी कपूर ने न तो प्रापर्टी की रजिस्ट्री करवाई और न ही बैंक का कर्ज क्लीयर किया। इसके बाद उसने शिकायतकर्ता को कुछ रकम वापस कर दी, लेकिन 14 लाख रुपये की रकम वापस नहीं की। एकता हांडा ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि शम्मी कपूर ने रकम लेकर उसके साथ धोखाधड़ी की।

पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद शम्मी कपूर के खिलाफ धारा 318(3) के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**श्रद्धा** | आठ दिवसीय श्रीकृष्ण कथा संपन्न, अंतिम दिन हुआ रुक्मिणी विवाह; भक्ति का संदेश लेकर विदा हुए श्रद्धालु

# सनातन संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा संकल्प : अमन जैन

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, शंकराचार्य नगर, जोशी नगर धाम, हैबोवाल कलां में श्रीमद्भागवत कथा अंतर्गत आयोजित आठ दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ विश्राम हुआ।

मंदिर प्रांगण में बने दिव्य पंडाल में 1 सितंबर से 8 सितंबर तक आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं एवं श्रीमद्भागवत के आध्यात्मिक संदेशों का श्रवण किया। कथा का आयोजन मंदिर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन एवं उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में किया गया। हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश स्थित सिंदूरी माता मंदिर से पधारे कथा व्यास स्वामी श्री प्रफुल जी महाराज ने आठ दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के माध्यम से मानव जीवन के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों से श्रद्धालुओं को परिचित कराया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि मनुष्य को



जीवन जीने की सही दिशा प्रदान करने वाला आध्यात्मिक ग्रंथ है। कथा के अंतिम दिन रुक्मिणी विवाह प्रसंग का सुंदर एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया। स्वामी श्री प्रफुल जी महाराज ने रुक्मिणी विवाह के गूढ़ रहस्यों को समझाते हुए बताया कि रुक्मिणी का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम केवल सांसारिक प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि जीवात्मा के परमात्मा से मिलन की आध्यात्मिक भावना को दर्शाता है। रुक्मिणी का अटूट विश्वास, समर्पण और भगवान के प्रति एकनिष्ठ भक्ति यह शिक्षा देती है कि जब मनुष्य पूर्ण श्रद्धा एवं विश्वास के साथ परमात्मा की शरण में जाता है तो उसके जीवन के संकट दूर होने का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी विवाह प्रसंग मानव जीवन में प्रेम के साथ-साथ त्याग, विश्वास, निष्ठा और समर्पण का संदेश देता है।

मनुष्य को अपने जीवन में अहंकार, मोह और नकारात्मकता का त्याग कर सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए। यही इस प्रसंग की प्रमुख शिक्षा है।

# अलग-अलग वार्डों में सफाई अभियान, लोगों से कचरा न फैलाने और सफाई व्यवस्था में सहयोग की अपील

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

पंजाब सरकार के 'मिशन क्लीन पंजाब' के दूसरे चरण के तहत बुधवार को जिले के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए गए। विधायकों ने मौके पर पहुंचकर सफाई कार्यों की अगुवाई की और लोगों से अपने घर, दुकान व आसपास का क्षेत्र साफ रखने की अपील की। आत्म नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 44 में विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू की अगुवाई में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।













ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155